Year 1 नम्बर स्क्रीनिंग चेक (संख्या जांच)

माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी

Year 1 नम्बर स्क्रीनिंग चेक (संख्या जांच) क्या होती है?

Year 1 नम्बर स्क्रीनिंग चेक (Year 1 Number Screening Check) एक छोटा राज्य-व्यापी आकलन है जिससे टीचरों को यह पता चलता है कि आपकी संतान शुरूआती संख्या बोध में किस प्रकार प्रगति कर रही है। इस स्क्रीनिंग चेक (जांच) में यह देखा जाता है कि आपकी संतान किस प्रकार संख्याओं की पहचान करती है, संख्याओं को क्रम देती है, उनकी गिनती तथा तुलना करती है, और किस तरह उन्हें जोड़ती और घटाती है।

आपकी संतान एक टीचर के साथ बैठेगी और उसे करीब 30 सवालों के जवाब देने के लिए कहा जाएगा। इस जांच में सामान्यत: **10 से 15** मिनट का समय लगता है। Year 1 Number Screening Check को ध्यानपूर्वक बनाया गया है कि यह आपकी संतान के लिए तनावपूर्ण न हो। यदि आपकी संतान को परेशानी हो रही होगी तो टीचर इस जांच को रोक देंगे।

Year 1 Number Screening Check का मुख्य उद्देश्य आपकी संतान केकी टीचर को वह जानकारी देना है जिससे वह आपकी संतान की शिक्षा के लिए योजना बना पाएँ। Year 1 के सभी बच्चों का किसी टीचर द्वारा अलग-अलग आकलन किया जाएगा।

> यदि Year 1 Number Screening Check. के बारे में आपके कोई सवाल हैं तो अपने स्कूल से संपर्क करें।

संख्या बोध क्या होता है?

संख्या बोध प्रभावशाली तरीके से संख्याओं को समझने, उनकी जानकारी होने, और उनके साथ काम करने की योग्यता होती है ताकि रोज़मर्रा के जीवन में भाग लिया जा सके और दुनियादारी को समझा जा सके। कुछ बच्चों को संख्या बोध चुनौतिपूर्ण लगता है इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि इन बच्चों की पहचान शीघ्रता से की जाए। ऐसा करके, टीचर किसी ऐसी सहायता के लिए योजना बना सकते हैं जिनकी उन बच्चों को ज़रूरत पड़ सकती है।

संख्या बोध क्यों महत्वपूर्ण है?

संख्या बोध में एक अच्छी नींव देने से आपकी संतान को प्राईमरी स्कूल और हाई स्कूल में आगे के वर्षों में गणित के अधिक पेचीदा सिद्धांतों को समझने में सहायता मिलती है।

टेलीफोन दुभाषिया सेवा

यदि स्कूल से संपर्क करने में आपको दुभाषिया सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया 131 450 पर कॉल करें, ऑपरेटर को बताएँ कि आपको किस भाषा की ज़रूरत है और उन्हें स्कूल को फोन करने के लिए कहें। आपकी बातचीर के साथ आपकी सहायता करने के लिए ऑपरेटर दुभाषिया को टेलीफोन लाइन पर कनेक्ट करेगा। यह सेवा आपके लिए नि:शुल्क होगी।